NIOS/Acad./2020/306/01/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम- हिंदी

पाठ – 1: कविता कैसे पढ़ें

कार्यपत्रक-1

प्रश्न 1. कविता एक जटिल विधा है। इसे पढ़ने और समझने में आनेवाली किन्हीं दो कठिनाइयों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 2. कविता कैसे बनती है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 3. कविता पढ़ने में कौन-कौन सी बातें ध्यान में रखनी चाहिए? किन्हीं चार का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 4. "कविता ह्रदय की मुक्ति की साधना के लिए मनुष्य द्वारा रचित वाणी विधान है।" इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 5. कविता के भाव पक्ष तथा कला पक्ष के तत्वों को नीचे दिया गया है। इन्हें अलग-अलग खानों में सूचीबद्ध करें: बिम्ब, भाषा, रस, अलंकार, विचार दृष्टि, कल्पना, प्रतीक, कथ्य, छन्द।

भाव पक्ष	कला पक्ष

प्रश्न 6. कविता और गद्य में क्या अंतर है? दो का उल्लेख करें ।

प्रश्न 7 . कविता के विविध अवयवों में से आप किसे सबसे अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं और क्यों?

प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिये:

अभिव्यक्ती, व्यख्या, उत्कृष्ठ, स्तीथियो, परिस्थिती

प्रश्न 9. निम्नलिखित के विलोम शब्द लिखिये:

सहज , सौंदर्य , व्याख्या , उपस्थित , अंत , समानता , उचित , प्रवृति

प्रश्न 10. किन्हीं दस प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।